तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 2 फरवरी 2025

04 कोचिया के मकान में छापा, पंजाब-मध्यप्रदेश की 15 लीटर शराब जब्त



05 गुरूर से बड़भूम और सांकरा मार्ग जर्जर, जगह-जगह गड्ढे





**खबर संक्षेप**

### ईवीएम की जानकारी देने मीडिया कार्यशाला आज

**बालोद।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 11 फरवरी को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। नगरीय निकाय का मतदान ईव्हीएम के माध्यम से किया जाएगा। ईव्हीएम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रविवार 02 फरवरी को दोपहर 01 बजे से मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में जिले के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के ब्यूरो चीफ एवं मीडिया प्रतिनिधियों को उपस्थित होने को कहा गया है।

### भाजपा समर्थित जिपं सदस्य प्रत्याशी कल भरेंगे नामांकन

**बालोद।** जिला पंचायत क्षेत्र के भाजपा समर्थित प्रत्याशी 03 फरवरी को नामांकन दाखिल करेंगे। सभी अभ्यर्थी बालोद जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा से 11 बजे निर्वाचन कार्यालय बालोद के लिए रैली के रूप में निकलेंगे। जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालोद ठाकुर राम चन्द्राकर ने बताया कि इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, केसी पवार, लेखराम साहू, यशवंत जैन, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू, यज्ञ दत्त शर्मा, राकेश यादव, महामंत्री राकेश छोटू यादव एवं जिला उपाध्यक्ष व मंत्री एवं सभी 17 मंडल के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### पेंशनर समाज की बैठक 5 को

डौंडीलोहारा। छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की आगामी बैठक 5 फरवरी को दोपहर 12 बजे से नया पेंशनर भवन, परियोजना कार्यालय के सामने रखी गई है। बैठक में प्रांत एवं जिले की बैठक में की गई कार्यवाही को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही जिला बालोद एवं तहसील डौण्डीलोहारा की वार्षिक सदस्यता मार्च 2025 तक पूर्ण करने, टीडीएस कटौती एवं छठवें वेतनमान के सम्बंध में चर्चा की जाएगी। तहसील पेंशनर संघ के सचिव भगवंत देवांगन ने बैठक में सभी पेंशनर साथियों से शामिल होने का आग्रह किया है।

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए व्यय प्रेक्षक बनाए गए सुरेंद्र कुमार

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लोक निर्माण विभाग सेतु परिक्षेत्र के उप संचालक(वित्त) सुरेन्द्र कुमार शर्मा को जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा का मोबाइल नंबर 9407956066 है। श्री शर्मा का आम लोगों से मुलाकात करने का समय सर्किट हाउस बालोद के इंद्रावती कक्ष में प्रतिदिन दोहपर 03 से 04 बजे तक निर्धारित किया गया है।

**धान खरीदी : इस बार 8318206 क्विंटल धान खरीदी का था लक्ष्य**

# जिले में लक्ष्य से 7 लाख 58 हजार क्विंटल कम धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले में शुक्रवार को धान खरीदी का समापन हो गया। इस बार लक्ष्य से साढ़े सात लाख क्विंटल धान कम खरीदा गया। वहीं, पंजीयन के बाद 6104 किसानों ने धान नहीं बेचा। जिले के 143 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 8318206.46 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिले में 154215 किसानों ने पंजीयन कराया था। 14 नवंबर से प्रारंभ खरीदी 31 जनवरी 2025 को समाप्त हो गई। शासन ने जिले में 83,18,206.46 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य तय किया था, जिसके विरूद्ध जिले के 143 खरीदी केन्द्रों में 75,65,598 क्विंटल धान खरीदा गया। लक्ष्य की तुलना में 757608.6 क्विंटल धान कम खरीदी की गई। जो कि स्वाभाविक है, क्योंकि जिले के कुछ क्षेत्रों में पैदावार कम होती है। इस दौरान जिले के 142911 किसान धान बेचने पहुंचे, जबकि 154215 किसानों ने पंजीयन कराया था। इस प्रकार 6104 किसान पंजीयन के बाद भी धान विक्रय करने नहीं पहुंचे।

- जिले के 143 केंद्रों में कुल 75,65,598 क्विंटल धान खरीदा गया

#### वन क्षेत्रों में कम होती है उपज

बता दें कि इस वर्ष जिले के हजारों किसानों ने निर्धारित मात्रा से कम धान विक्रय किया है, क्योंकि जिले के कुछ क्षेत्र वन से घिरे हैं एवं उन क्षेत्रों में सिंचाई का भी अभाव है, जिससे पैदावार भी कम होती है। ऐसे क्षेत्र के किसान 21 क्विंटल प्रति एकड़ की निर्धारित अधिकतम मात्रा की तुलना में कम धान बेचते हैं, जिससे भी खरीदी लक्ष्य से कम हुई है।

**जिले के 154215 किसानों ने कराया था पंजीयन, पर 142911 ही धान बेचने पहुंचे**

**6104 किसानों ने नहीं बेचा धान**



**ये है उठाव की स्थिति**

जिले में संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव लगातार चल रहा है, जिला सहित पड़ोसी जिले धमतरी, दुर्ग के 271 मिलरों एवं 4 संग्रहण केन्द्रों के लिए धान का उठाव किया जा रहा है। वर्तमान में 143 समिति में 1,9,90,993 क्विंटल धान रखा हुआ है। जिले में सबसे कम खमतराई समिति के कन्याडबरी खरीदी केन्द्र में सबसे कम 40 प्रतिशत उठाव हुआ है। वही पिरीद में सबसे अधिक 93 प्रतिशत उठाव हो चुका है। उठाव की गति को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि समितियों से निर्धारित समयावधि में उठाव पूर्ण हो जाएगा।

**शार्टेज की संभावना नहीं**

इस साल मौसम ने भी समितियों का साथ दिया, हल्की बूंदाबांदी ही हुई। बारिश का सामना नहीं करना पड़ा। वहीं आरंभिक दिनों में मिलरों की हड़ताल के बाद उठाव की स्थिति भी तेज रही है, जिससे आशा है कि समितियों में इस साल शार्टेज की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं, किसानों ने बताया समितियों में घोषित रूप से 40.800 किलो प्रति कट्टा धान खरीदा गया है, इससे भी शार्टेज की संभावना कम ही है।

## जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 46 अभ्यर्थियों ने अब तक भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी निर्धारित की गई है। 01 फरवरी को 18 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। अब तक कुल 46 अभ्यर्थी नामांकन दाखिल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि 27 एवं 28 जनवरी को 12–12 अभ्यर्थियों, 28 जनवरी को 12, 29 एवं 30 जनवरी को 09–09, 31 जनवरी को 10 एवं 01 फरवरी को 08 अभ्यर्थियों सहित कुल 60 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया है। जिसमें से 28 जनवरी को 01 अभ्यर्थी, 29 जनवरी को 03, 30 जनवरी को 11, 31 जनवरी को 13 एवं 01 फरवरी को 18 अभ्यर्थियों सहित कुल 46 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिला पंचायत एवं जनपद सदस्य सहित पंच एवं सरपंच पदों के लिए नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है।

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 3 फरवरी तक जमा कर सकते हैं नामांकन

## चुनाव को लेकर एसपी ने ली बैठक



**बालोद।** आदर्श आचार संहिता का पालन करने एवं आगामी चुनाव की रणनीति के लिए पुलिस कार्यालय बालोद में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना, चौकी प्रभारियों की बैठक बुलाई। बैठक में आगामी चुनाव को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से चुनाव संबंधी संवेदनशील, अतिसंवेदनशील, राजनीतिक संवेदनशील, सेक्टर पेट्रोलिंग, आगामी कार्ययोजना की जानकारी के विषय में चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक चित्र वर्मा, डीएसपी बोनीफास एक्का, डीएसपी राजेश बागड़े, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, यातायात प्रभारी, साइबर सेल प्रभारी समेत समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

## सूने घर का ताला टूटा एक लाख 80 हजार के जेवर व नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले देवरी इलाके में स्थित ग्राम नाहंदा में एक सूने घर में धावा बोलकर चोर ने 1 लाख 80 हजार रूपये के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। देवरी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

देवरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नाहंदा निवासी प्रार्थी पिन्टु चक्रवर्ती 37 वर्ष ने बताया कि गुरुवार को बड़े भाई अमित पाल के विवाह की वर्षगांठ के अवसर पर खाना खाने अपनी पत्नी व बच्चों के साथ ग्राम देवरी गया था। वहां से रात में घर लौटने के बाद गेट का ताला खोला और मुख्य दरवाजा का ताला खोलने का प्रयास किया, लेकिन वह पहले ही खुला हुआ लटका था। भीतर जाने पर कमरे के अन्दर रखी आलमारी खुली थी। वहीं, आलमारी में रखे कपड़े एवं सामान कमरा में बिखरे पड़े थे। साथ ही सोना-चांदी रखने वाला बैग खुला पड़ा था। बैग में अन्दर छोटा पर्स में रखा एक सोने का मंगलसूत्र, सोने की दो अंगूठी, तीन जोड़ी चांदी की पैरपट्टी, दो नग चांदी का बिछिया, बच्चे की चांदी की चेन एवं कड़ा पर्स सहित नहीं थे। साथ ही आलमारी में रखी लगभग 70 हजार रुपए नकदी रकम भी नहीं थी। श्री चक्रवर्ती ने बताया कि पीछे बाड़ी की तरफ का दरवाजा खुला हुआ था। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर पीछे खेत के रास्ते लोहे के गेट से कूदकर घर अंदर प्रवेश कर मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर कमरे अन्दर घुसकर आलमारी में रखी संपत्ति की चोरी कर ले गया है।

- देवरी इलाके के ग्राम नाहंदा की घटना

### अधिकारी-कर्मचारियों को अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में रहना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के फलस्वरूप जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को शनिवार एवं रविवार तथा अन्य अवकाश में भी कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने कार्य का संपादन करने के निर्देश दिए हैं।

अति आवश्यक परिस्थितियों में ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकारी–कर्मचारियों का अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमति के बिना अपने कार्य एवं मुख्यालय में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के भी निर्देश जारी किए हैं।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाइल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## पाइपलाइन बिछाने के कार्य में लगे कर्मचारियों से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

गुण्डरदेही नगर के गाड़ा पारा में पाइप लाइन बिछाने पहुंचे जेसीबी आपरेटर, फिटर, मिनी जेसीबी आपरेटर व सुपरवाईजर के साथ नगर के दो लोगों द्वारा मारपीट कर मोबाइल छीनकर तालाब में फेंक देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शुक्रवार को थाना गुण्डरदेही में लोमन व पुखराज गाड़ा के खिलाफ धारा 115(2), 221, 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

नगर पंचायत गुण्डरदेही के सब–इंजीनियर रूपेश कुमार राठी ने बताया कि नगर पंचायत गुण्डरदेही में अमृत 2.0 मिशन के तहत पाईप लाईन बिछाने का काम चल रहा है। शुक्रवार को वार्ड नं 11 बस स्टैण्ड के पीछे गाड़ा पारा गुण्डरदेही में काम चल रहा था। शाम 4 बजे मेरे जेसीबी आपरेटर राकेश पटेल, फिटर सीताराम सेन, मिनी जेसीबी आपरेटर नरेन्द्र केकडे व सुपरवाईजर दीपांकर सिंह काम कर रहे थे। उसी समय मोहल्ले के पुखराज गाड़ा व लोमन गाड़ा आये और जेसीबी आपरेटर व उनके साथी को पाईप लाईन का गड्ढा खोद दिये हो, जिससे मुझे आने जाने में परेशानी हो रही है कहकर गाली गलौच कर मारपीट की। उन्होंने बताया कि जब बीच बचाव के लिए सुपरवाईजर दीपांकर सिंह व फिटर सीताराम सेन गए, तो उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट से दीपांकर सिंह के सिर व पीठ में चोट लगी है, उनका ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुण्डरदेही में चल रहा है। वहीं, राकेश पटेल, दीपांकर सिंह, नरेन्द्र केकडे का मोबाईल कहीं गिर गया तथा फिटर सीताराम सेन के मोबाईल को आरोपियों ने छिनकर पास के तालाब में फेंक दिया।



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप




### नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूकता का प्रयास

**रायपुर।** नर्सिंग कालेज की छात्राओं के साथ मिलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा में कुष्ठ के खिलाफ जागरुकता लाने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बीएमओ डा. विकास तिवारी, डा. मंजुला भारती, जुबैदा खान, अन्नू बाला चक्रवर्ती की उपस्थिति में इस कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को कुष्ठ के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान इस बीमारी को जड़ से खत्म करने का संकल्प भी लिया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इस बीमारी के प्रति सजग रहने और प्रभावित होने वालों को शासन से मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया।

### एम्स में हुई स्वास्थ्य देखभाल पर कार्यशाला



**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल बायोकैमिस्ट्स ऑफ इंडिया (एसीबीआई) के पहले वार्षिक छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय का आयोजन एम्स के जैव रसायन विभाग द्वारा किया गया। सम्मेलन की विषय अंतःविषय अनुसंधानः भविष्य की स्वास्थ्य सेवा का स्वरूप था। आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न संस्थानों के वक्ताओं ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने अल्जाइमर जैसी बीमारियों के उपचार हेतु लक्ष्यों की पहचान पर हालिया प्रगति पर चर्चा की। इसके अलावा पूरक घटकों की नैदानिक संभावनाओं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता व मशीन लर्निंग की भूमिका को भी उजागर किया गया, जो दवा खोज और निदान के नए तरीकों के रूप में स्वास्थ्य देखभाल को बदल सकते हैं।

### भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने बृजमोहन ने लिखा केंद्रीय मंत्री को पत्र

**रायपुर।** गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाए जाने के बाद भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री वन एवं पर्यावरण भूपेंद्र यादव को 23 नवंबर 2024 को पत्र लिखा है। सांसद के पत्र के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने जवाब दिया है कि भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने उनके मंत्रालय ने 17 दिसंबर 2024 को वन विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने की जानकारी दी है। अलग राज्य बनने से पूर्व भोरमदेव कान्हा टाइगर रिजर्व का हिस्सा था। इसके बाद भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने वर्ष 2014 से लगातार मांग की जा रही है। भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी कानूनी लड़ाई भी लड़ रहे हैं। भोरमदेव के टाइगर रिजर्व बनने से सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा टाइगर कॉरिडोर के रूप में गिनती होगी। भोरमदेव के टाइगर रिजर्व बनने से एक ओर पेंच, कान्हा, अचानकमार, गुरु घासीदास, पलामू, संजय दुबारी, बांधवगढ़ तथा दूसरी तरफ नवेगांव-नगझीरा, तड़ोबा तथा अंधेरी तक टाइगर का कॉरिडोर बन जाएगा।

# एक ही कक्ष में प्रयोगशाला, गुणा-भाग नहीं कर सके 8वीं के छात्र, सफाई ठप, प्रधानपाठक निलंबित

## परीक्षा पूर्व स्कूल शिक्षा सचिव ने किया निरीक्षण, खामियों को लेकर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गरियाबंद जिले में दो स्कूलों के प्रधानापाठक, प्राचार्य और संकुल समन्वयक पर गाज गिरी है। स्कूल शिक्षा सचिव द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों के बाद निलंबन सहित स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। इनमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारुका और पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद शामिल है। बारुका के सरकारी स्कूल में बच्चों की शिक्षा गुणवत्ताहीन पाई गई। अपनी कक्षा के अनुसार छात्रों के ज्ञान का स्तर नहीं पाया गया। आठवीं कक्षा के छात्र सामान्य गुणा-भाग भी नहीं कर सके। अन्य विषयों के सामान्य तथ्यों की जानकारी भी छात्रों को नहीं थी। इसे लेकर स्कूल शिक्षा सचिव द्वारा नाराजगी जाहिर की गई। यहां के प्रधान पाठक ललित साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्हें विकासखंड शिक्षा कार्यालय सरायपाली में अटैच किया गया है। संकुल समन्वयक भूपेंद्र सिंह ठाकुर को भी निलंबित कर दिया गया है। उन्हें विकासखंड शिक्षा कार्यालय कसडोल बलौदाबाजार में अटैच किया गया है। अपने अधीन आने वाले विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किए जाने और पढ़ाई की मॉनिटरिंग नहीं करने के कारण यह व्यवस्था की गई है।

### शिक्षकों को भी नहीं पता सिलेबस

पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में स्थिति और अधिक चिंताजनक मिली। यहां बारहवीं कक्षा के छात्र भी विषय संबंधित प्रश्नों के उत्तर नहीं दे सके। ना केवल छात्र बल्कि शिक्षकों को भी सिलेबस संबंधित तथ्यों का ज्ञान नहीं था। स्टाफ का शैक्षणिक स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। यहां दसवीं-बारहवीं दोनों ही कक्षाओं की प्रयोगशाला एक ही कक्ष में संचालित की जा रही थी, जबकि यहां पर्याप्त रूप से कक्ष हैं। साफ-सफाई नहीं होने और फर्नीचर अस्त-व्यस्त होने को लेकर भी स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने नाराजगी जाहिर की है। यहां की प्राचार्य वंदना पांडेय को नोटिस देते हुए तीन दिनों में स्पष्टीकरण मांगा गया है।



### पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं अगले माह से

नियमों में बदलाव करते हुए पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं मौजूदा सत्र से आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। मार्च माह में दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं आयोजित कराए जाने की तैयारी है। लेकिन विद्यालयों में इसे लेकर कोई तैयारी नहीं की जा रही है। आकस्मिक निरीक्षण में कई तरह की खामियां सामने आ रही हैं। इसके बाद भी सुधार के लिए कोई रोडमैप तैयार नहीं हो सका है।

## कांग्रेस सरकार में हुए तमाम घोटालों के घोटालाबाज जेल के अंदर: साय

# सीएम साय बोले- भाजपा के पक्ष में तैयार खड़ी है जनता, हर वर्ग चाहता है विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव के लिए जनता भाजपा के पक्ष में तैयार खड़ी है, जनता विकास चाहती है। हमारी सरकार बने 13 महीने हुए हैं और 13 महीने में ही भाजपा सरकार ने जो काम किए हैं, उसे जनता ने देखा है। 2023 से पहले कांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की जो दुर्दशा हुई, वह सभी को मालूम है। कोई ऐसा क्षेत्र नहीं बचा, जहां कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार नहीं किया, घोटाला नहीं किया। उन घोटालेबाजों का आज क्या हाल हुआ है, यह प्रदेश देख रहा है। इंडोर स्टेडियम में भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री साय ने कहा, हमारे छत्तीसगढ़ के भविष्य, हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस की सरकार में पीएससी तक में भी भ्रष्टाचार हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश को आश्वस्त किया था कि भाजपा की सरकार बनेगी तो पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाएगी और आज पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है और उसके जो दोषी हैं, वह सभी जेल के अंदर हैं और जो अन्य दोषी हैं, उन्हें जेल जाना होगा।



### रायपुर को संवारने के लिए 71 कमल चाहिए : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, रायपुर के कार्यकर्ताओं ने अपने दम से, अपनी मेहनत से सांसद बनाया है, इस बार चारों विधानसभा से विधायक बनाए हैं, लेकिन 15 साल हो गए हैं, रायपुर में भाजपा का महापौर नहीं बना है। श्री साव ने कहा, एक-एक कार्यकर्ता को आज कार्यकर्ता सम्मेलन से संकल्प लेकर जाना है कि जब तक रायपुर में भाजपा का महापौर नहीं बनाएंगे, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे।

### कांग्रेस को जड़ से उखाड़ फेंकने का समय आ गया : मीनल चौबे

भाजपा की महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने कहा, रायपुर नगर निगम से कांग्रेस को जड़ से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। 11 फरवरी को आप सभी निकाय चुनाव में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भाजपा को जिताएंगे। यह गौरव और हर्ष की बात है अब रायपुर शहर की प्रथम महिला भाजपा की होगी। सम्मेलन में भाजपा के विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।


### अब रायपुर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना

*मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, निकाय चुनाव को अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। 11 फरवरी को मतदान है। कार्यकर्ताओं को प्रत्येक घर जाकर हर एक मतदाता से संपर्क करना है और सरकार की उपलब्धियों को उन्हें बताकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह करना है। अब रायपुर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है, ताकि विकास के कार्य भी तेज गति से हों।*

### कांग्रेसी पहले फॉर्म तो सही-सही भर लें

*श्री साय ने कांग्रेस के आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा, आज कांग्रेसी आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा शासन का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेसी पहले फॉर्म तो सही-सही भर लें, नियमों का पालन तो पहले कर लें। कांग्रेस की संस्कृति रही है कि हारने पर ईवीएम पर आरोप लगाते हैं और जीतने पर उसी ईवीएम को सही ठहराते हैं। श्री साय ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को बहुत अच्छी सफलता मिलने वाली है, सभी 10 नगर निगम, 49 नगर पालिका और एक सौ से अधिक नगर पंचायतों में हर जगह भाजपा का झंडा फहरने वाला है।*

## कलेक्टोरेट में हेलमेट को लेकर दोहरा मापदंड



**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों का अंदर प्रवेश वर्जित है। इसके विपरीत कलेक्टोरेट में खास वर्ग के लोग बगैर हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाते कलेक्टोरेट के अंदर आवाजाही करते देखे जा सकते हैं। शिकायत मिलने पर हरिभूमि की टीम ने इस बात की पड़ताल की, तो वहां बगैर हेलमेट पहने कुछ दोपहिया वाहन चलाते लोगों को कलेक्टोरेट के अंदर जाने के साथ आते देखा। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक पुलिस से सवाल करने पर ट्रैफिक पुलिस के जवान गोल-मोल जवाब देते दिखे। ट्रैफिक पुलिस ने एक्सीडेंट रोकने शहर के आउटर में दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन कर वाहन चलाने समझाइश देने के साथ पकड़े जाने पर हेलमेट पहन दोपहिया वाहन चलाने निर्देश दिए। इसके लिए बगैर हेलमेट वाहन चालकों से हेलमेट पहन कर वाहन चलाने पत्र भी भरवाये। शासन के निर्देश के विपरीत खास वर्ग के लोग बगैर हेलमेट कलेक्टोरेट में दोपहिया से आवाजाही करते देखे जा सकते हैं। इसमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इसके बाद शासन ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने प्रेरित करने कलेक्टोरेट में वहां काम करने वाले कर्मचारियों के साथ वहां काम से आने वाले लोगों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया।

# कोचिया के मकान में छापा, पंजाब-मध्यप्रदेश की 15 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों की मुहर लगी ब्रांडेड शराब की लगातार तस्करी हो रही है। यही कारण है कि राजधानी रायपुर के कई होटल व बार रेस्टोरेंट में भी चोरी छिपे दूसरे राज्यों की शराब की बिक्री हो रही है। इसके अलावा कई कोचिए भी दूसरे राज्यों की शराब बेचने का कारोबार कर रहे हैं। इधर आबकारी विभाग भी अवैध रूप से जारी शराब की तस्करी व बिक्री पर लगाम कसने लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में 30 जनवरी को शुष्क दिवस के अवसर पर विभागीय टीम ने शहर के भोई पारा इलाके में एक कोचिया के मकान में छापमार कार्रवाई करते हुए करीब 15 लीटर पंजाब और मध्यप्रदेश की मुहर लगी ब्रांडेड शराब जब्त की है।

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से विभाग को सूचना मिली कि आजाद चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत भोईपारा रिहायशी कालोनी में विजय सचदेव नामक व्यक्ति अपने मकान में दूसरे राज्यों की मुहर लगी ब्रांडेड शराब बल्क में रखा हुआ है। वह शराब कोचिया है और घर से ही शराब की बिक्री करता है। सूचना पर विभाग की टीम ने गुरुवार को इस कोचिया के मकान में छापा मारा। इस दौरान मकान से पंजाब की मुहर लगी 18 बोतल रॉयल स्टेग ब्रांड एवं 6 पाव रॉयल स्टेग मध्यप्रदेश राज्य की मुहर लगी शराब बरामद की। इस तरह मकान से 14.58 लीटर शराब जब्त की है। विभाग ने इस मामले में कोचिया को भी गिरफ्तार किया है।



### की जा रही कार्रवाई

अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुष्क दिवस के दिन भी अवैध शराब के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक व्यक्ति के घर छापा मारा गया, जहां से पंजाब एवं मध्यप्रदेश राज्य की मुहर लगी शराब जब्त की है।

**- रामकृष्ण मिश्रा,** उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

### अवैध शराब के साथ 3 और गिरफ्तार

विभाग ने इसके अलावा कुशालपुर थाना पुरानी बस्ती क्षेत्र में राजेश ठाकुर के कब्जे से 65 पाव देशी मसाला शराब, वीर शिवाजी नगर महोबाबाजार थाना आमानाका से पूजा साहू के कब्जे से 248 पाव देशी मसाला शराब तथा वार्ड नं. 16 भण्डारपुरी थाना खरोरा से वेदप्रकाश चतुर्वेदी के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब एवं 5 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया है।

## निकाय चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देगी जोगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जोगी कांग्रेस राज्य में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देगी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को जोगी कांग्रेस सुप्रीमो डॉ.रेणु जोगी और पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी द्वारा लिखित समर्थन पत्र सौंपा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया, छत्तीसगढ़ की एक मात्र क्षेत्रीय राजनीतिक दल छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की कोर कमिटी द्वारा नगरीय निकाय चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है। पार्टी राज्य के कल्याण और विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रगतिशील ताकतों के बीच एकता और सहयोग का महत्व समझती है, इसलिए उन्होंने यह फैसला किया है। जोगी कांग्रेस ने कहा, कांग्रेस का समान विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन का विजन हमारे अपने सिद्धांतों और छत्तीसगढ़ के लोगों की आकांक्षाओं के साथ मेल खाता है। कांग्रेस पार्टी ने हमारी पार्टी से जुड़े लोगों को विभिन्न क्षेत्रों से प्रत्याशी बनाकर चुनाव लड़ने का अवसर दिया है।

# रविवि की वार्षिक परीक्षाएं 1 मार्च से पहली बार स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र नहीं होंगे इसका हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा वार्षिक परीक्षाओं की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं इस बार एक मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। ऐसा पहली बार होगा जब इस वार्षिक परीक्षाओं का हिस्सा स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी नहीं होंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू किए जाने के बाद प्रथम वर्ष की परीक्षाएं सेमेस्टर पद्धति पर हो रही हैं। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ हो गई हैं। अधिकतर विषयों की परीक्षाएं समाप्ति पर हैं। वहीं द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं मई-जून में होंगी।

रविवि ने जो समय-सारिणी जारी की है, उसमें स्नातक स्तर पर द्वितीय और तृतीय वर्ष की परीक्षाओं का जिक्र है। वहीं स्नातकोत्तर स्तर पर भी केवल द्वितीय वर्ष का ही उल्लेख किया गया है, क्योंकि स्नातकोत्तर स्तर पर भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए मौजूदा शैक्षणिक सत्र से लागू कर दी गई है। उन्हें भी वार्षिक के स्थान पर सेमेस्टर आधार पर परीक्षाएं दिलानी पड़ रही हैं।

**केवल पूरक परीक्षार्थियों को सुविधा-** किसी भी छात्र के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के दौरान जो नियम लागू रहते हैं, वहीं नियम पढ़ाई पूर्ण करने तक उक्त छात्र के लिए लागू रहते हैं। जिन छात्रों ने पिछले सत्र में प्रथम वर्ष की परीक्षाएं दिलाई थी, किंतु अनुत्तीर्ण हो गए अथवा पूरक श्रेणी में आ गए केवल उन्हीं प्रथम वर्ष विद्यार्थियों के लिए वर्तमान वार्षिक परीक्षाओं में समय निर्धारित किए गए हैं। ये विद्यार्थी जब तब उत्तीर्ण नहीं हो जाते, तब तक इनके लिए वार्षिक परीक्षा पद्धति ही लागू रहेगी।

**मई तक चलेंगी परीक्षाएं-** रविवि द्वारा जारी की गई समय-सारिणी महाविद्यालयों को प्रेषित करने के साथ ही आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं 8 मई को समाप्त होंगी।




- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रथम वर्ष की परीक्षाएं हो रही हैं सेमेस्टर प्रणाली से
- केवल द्वितीय और तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों के लिए ही वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन

**लक्ष्य से 11 लाख टन कम खरीदी हो पाई, दो लाख किसान धान बेचने नहीं आए**

# धान खरीदी पूरी, किसानों ने इस सीजन में बेचा 149 मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत पिछले साल 14 नवंबर से होने के बाद 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी की गई। इस पूरी अवधि में राज्य के 25 लाख 48 हजार किसानों ने 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान बेचा है। हालांकि राज्य शासन ने 2024-25 के लिए 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा था। धान बेचने के लिए करीब साढ़े 27 लाख किसानों ने पंजीयन कराया था, लेकिन सोसाइटियों में आकर धान बेचने वाले किसानों की संख्या 25 लाख 48 हजार के आसपास रही है। अब किसानों को फरवरी के दूसरे हफ्ते में धान बिक्री के अंतर की राशि सरकार अदा करेगी।यह जानकारी खाद्य विभाग के रिकार्ड के अनुसार 31 जनवरी शाम 7 बजे तक की है, लेकिन धान खरीदी का अंतिम आंकड़ा रात 12 बजे तक आने की संभावना है। हालांकि इस आंकड़े में अब कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस आधार पर ये साफ होता है कि इस साल लक्ष्य के मुकाबले करीब 11 लाख मीट्रिक टन धान कम खरीदा जा सका है। इसी तरह दो लाख के आसपास किसान धान बेचने ही नहीं आए। जानकारों की मानें, तो प्रायः हर साल एक-दो लाख किसान धान बेचने नहीं आते, जबकि इनका पंजीयन होता है।



### आखिरी दिन साढ़े 20 हजार ने बेचा धान

राज्य में धान खरीदी के दिनों में दिसंबर-जनवरी में हर दिन बड़ी संख्या में किसान धान बेचने आते हैं। एक दिन में राज्य में यह संख्या हजारों में होती है। लेकिन 31 जनवरी का दिन धान खरीदी का आखिरी दिन था। इस दिन प्रदेश भर के सभी जिलों में कुल मिलाकर 20 हजार 624 किसानों ने धान बेचा। आखिरी दिनों में धान खरीदी कम होने के सवाल पर एक सोसायटी कर्मी ने बताया कि किसानों के पास धान बचा ही नहीं होने के कारण न उन्होंने टोकन लिया न बेचने आए।



**समस्या : 15 साल पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हुआ था निर्माण**

# गुरूर से बड़भूम और सांकरा मार्ग जर्जर, जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बने गुरूर से बड़भूम, सांकरा मार्ग का बुरा हाल है। गुरुर से बड़भूम एवं बड़भूम से सांकरा तक 32 किलोमीटर तक की इस सड़क में डामर की परत उखड़ रही है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के तहत बनी इस सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। गड्ढों के कारण वनांचल क्षेत्र के लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के लोग लगातार सड़क मरम्मत की मांग कर रहे हैं। वहीं, विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि इस मार्ग के संधारण के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है, लेकिन स्वीकृति नहीं मिली है।

15 साल पूर्व गुरुर से सांकरा तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कराया गया था, यह सड़क गुरूर से चारामा कांकेर जाने का तथा विकासखण्ड के वन क्षेत्र के 35 से अधिक ग्रामों का प्रमुख मार्ग है। वनांचल क्षेत्र सहित गुरुर, बालोद, डौण्डी, गुण्डरदेही, डौण्डी लोहारा क्षेत्र के लोग सड़क की सबसे ज्यादा खराब स्थिति हितेकसा चौक से बड़भूम एवं बड़भूम से नारागांव व सांकरा तक की है। इसमें डामर की परत लगभग गायब हो चुकी है। सड़क की गिट्टी बाहर आने लगी है।

**गड्ढों के कारण वनांचल क्षेत्र के लोगों का चलना हुआ मुश्किल**




### प्रस्ताव भेजा दिया गया, स्वीकृति नहीं मिली है

कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एस ध्रुव ने कहा कि इस सड़क के लिए प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। अभी स्वीकृति नहीं आई है। जिले में जितनी सड़कों के संधारण की स्वीकृति प्राप्त हुई है, उनका काम शुरू हो चुका है।

### हमेशा बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

ग्रामीणों ने बताया कि बड़भूम से सांकरा सड़क में जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते से ब्लाक एवं जिला मुख्यालय आना-जाना करते हैं। ग्राम हितेकसा, पेटेचुवा, भेजा जंगली, कंकालीन, नगझर, मंगचुवा, करियाटोला, रुपूटोला, गोटाटोला के ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क एवं फारेस्ट विभाग की सड़क में केवल गड्ढे ही गड्ढे हैं। इसी मार्ग से बच्चे भी स्कूल जाते हैं, जिन्हें हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं हमें दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# दूषित जल स्वास्थ्य को व दूषित विचार जीवन बिगाड़ देते हैं : पं प्रकाश चंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम गब्दी में धर्मप्रेमी ग्रामीण भिखारी राम सिन्हा व अमृत बाई सिन्हा परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत सुमधुर संगीतमय कथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे में हो रहा है। वहीं 2 फरवरी को जड़ भरत, अजामिल, भक्त प्रहलाद की कथा होगी।

■ ग्राम गब्दी में कथावाचक ने दी मन साफ रखने की सलाह

तीसरे दिन कथावाचक पंडित प्रकाश चन्द्र दुबे ने कहा कि भगवान की कथा हमारी आत्मा की तृप्ति का परम साधन है। मायारुपी संसार की भौतिकता में हम सबका मन व्यथित है और सबको असंतोष अपने जीवन से सुलभ हो रहा है और इस असंतोष और व्याकुलता को शांति प्रदान करने का उत्तम श्रोत भागवत कथा का श्रवण है, भगवान की कथा श्रवण से हमारा दृढ़ विश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य मायारुपी हिरण की तरह कस्तुरी की सुगंध के पीछे भ्रम में पड़कर यत्र-तत्र भटक रहा है, जबकि आत्मा में ही परमात्मा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कण में हरि समाए हैं। मनुष्य का प्रथम धर्म जीव पर दया है। मन के विचार और जल हमेशा स्वच्छ होना चाहिए, क्योंकि दूषित जल स्वास्थ्य बिगाड़ देता है और दूषित विचार जीवन बिगाड़ देते हैं।

### शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर जमकर झूमे श्रध्दालु

वहीं, ध्रुव चरित्र की कथा बताते हुए कथावाचक ने कहा कि बाल्यावस्था ही जीवन के संस्कारों का मूल है, क्योंकि जब माताएं सुनीति की तरह हो जाएंगी, तो उत्तम संस्कार बाल्यावस्था ही मिल जाएंगे, ताकि वह एक राष्ट्र भक्त, एक हिन्दू सनातन धर्म के सेवक पुत्र को जन्म देकर संस्कार देकर संसार और समाज कल्याण कर सकें। वहीं, शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर श्रध्दालु बारात में जमकर झूमे। इस अवसर पर परीक्षित स्वरुप मुख्य यजमान परिवार टिकेश्वर सिन्हा, मधुर भारती, केवलचंद, प्रीति, मुकुंद, कीर्ति बाई, संतोष सिन्हा, उषा सिन्हा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

# जिला पंचायत सदस्य के लिए डेढ़ दर्जन नामांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए आज 16 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया जिन्हें मिलाकर जिला पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से अब तक कुल 27 अभ्यर्थियों का नामांकन प्राप्त हो चुका है, वहीं दुर्ग जनपद पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से जनपद सदस्य के लिए आज 34 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किया। जिन्हें मिलाकर जनपद सदस्य के लिए 24 निर्वाचन क्षेत्रों से अब तक कुल 57 अभयर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किए जा चुके है।

■ जप सदस्य के लिए 34 ने जमा किया नामांकन फार्म

जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 तोरन लाल जंघेल, क्षेत्र क्रमांक 2 निकलेश कुमार साहू, ईश्वरी कुमार निर्मल व लुकेश्वर सिंह पटेल , क्षेत्र क्रमांक 4 सरस्वती बंजारे , क्षेत्र क्रमांक 5 गुलाबंचद साहू, विक्रांत अग्रवाल ,अमरकांत साव ,जितेन्द्र कुमार यादव व डहरिया किरण डहरिया, क्षेत्र क्रमांक 6 लक्ष्मी यशवंत कुमार साहू व बीना बाई देशमुख, क्षेत्र क्रमांक 7 आशा मिश्रा, क्षेत्र क्रमांक 8 योगिता चंद्राकर व श्रद्धा साहू एवं जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 से

### जनपद के लिए इन्होंने किया नामांकन दाखिल

इसी तरह दुर्ग जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1अंजोरा (ढाबा)सरस्वती सेन, क्षेत्र 2 मिलंतीन बाई ठाकुर, क्षेत्र 3 रसमड़ा सचिन व अजय वैष्णव, क्षेत्र 5 डांडेसरा पल्लवी साहू व माया बाई साहू, क्षेत्र 6 सिरसा खुर्द किशोर यादव व कृष्णमूर्ति यादव, क्षेत्र 7 कुटेला भाठा रजनी साहू,क्षेत्र 8-समोदा पूर्णिमा वर्मा व सविता साहू, क्षेत्र 11-चंदखुरी तोमलता देशमुख, क्षेत्र 12 महमरा मोंगरा डेहरे, सरस्वती सेन व माला बाई वर्मा, क्षेत्र 13-भरदा अमृका यदु व बेला बाई यादव, क्षेत्र 14 अंजोरा ख इंद्राणी यादव, क्षेत्र 17 निकुम लीलावती देशमुख व गैंदकुमारी साहू, क्षेत्र 18 अंडा घनश्याम देशमुख, चंद्रवती चंद्राकर, मनीष चंद्राकर, क्षेत्र 19 भानपुरी लोमश साहू, क्षेत्र 20 धनोरा जितेन्द्र टण्डन, सुरेन्द्र दास, क्षेत्र 21 कोड़िया मोहन लाल साहू, क्षेत्र 22-उमरपोटी लक्ष्मी कोसरे एवं क्षेत्र क्रमांक 24 रिसामा से गीता महानंद ने नामांकन दाखिल किया।

# कर्मचारियों के रिटायरमेंट पर आयुक्त ने किया सम्मान



**दुर्ग** । नगर पालिक निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में सहायक अभियंता जितेंद्र समैया, सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती तारा पाटिल एवं सहायक राजस्व निरीक्षक कमल स्वर्णकार के रिटायरमेंट पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी। नगर निगम के अधिकारियों ने तीनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प भेंट की। सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारियों ने अपने अनुभवों साझा किए। विदाई समारोह के दौरान रिटायरमेंट कर्मचारियो को अवकाश नगदीकरण राशि दिया गया। बता दे कि नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रयासों से पूर्व में भी हुए रिटायरमेंट कर्मचारियो को भी अवकाश नगदीकरण राशि दिया गया। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है, आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो, निगम परिवार ऐसी कामना करता है।

### मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

**दुर्ग**। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदान दलों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण बीआईटी कॉलेज में दो बैचों में दिया गया। प्रशिक्षण में 1532 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के मतदान तथा मतगणना के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। प्रत्येक मतदाता अपनी ग्राम पंचायत के वार्ड के पंच के साथ-साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत के सदस्य एवं जिला पंचायत के सदस्य का सीधे चुनाव करेगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतपत्र अलग-अलग रंगों के रहेंगे। पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद पंचायत सदस्य के लिए-पीला तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए-गुलाबी।



## खबर संक्षेप



### चुनाव के रंग में रंगे ग्रामीण अंचल

**जामगांव आर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के रंग में क्षेत्र के गांव रंगने लगे हैं। पंच, उपसरपंच, पूर्व जनपद सदस्य सहित विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाते नजर आ रहे है। पंचायत स्तर पर युवा शक्ति भी सरपंच बनकर गांव के विकास में महती भूमिका निभाने के लिए आतुर हैं। कुछ पूर्व सरपंच भी मैदान में शतरंज के अनुभवी मोहरे बिछाने के फिराक में लग गए है। पति चुनाव लड़ रहे हैं तो पत्नी और पत्नी चुनाव लड़ रही हैं, तो पति चुनावी कमान संभालने में लगे हैं।

### नमिता ने ग्राम दुपचेरा से भरा नामांकन



**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरुर क्षेत्र क्रमांक 14 ठेकवाडीह से जनपद सदस्य कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी नमिता महेश्वर साहू ने ग्राम दुपचेरा से प्रत्याशी घोषित होने पर शनिवार को नामांकन फॉर्म भरा। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा के साथ जोन अध्यक्ष किशोर साहू, जनपद सभापति एस कुमार कलिहारी, ग्राम पटेल नीलांबर साहू, सेक्टर अध्यक्ष ठाकुर राम पटेल एवं हीरामन साहू, नोहर ठाकुर, खोमू साहू, काशीराम ठाकुर एवं कुजन सिंह साहू सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### झलमला में सरपंच पद के लिए रेवती ने भरा नामांकन

**बालोद।** ग्राम झलमला सरपंच प्रत्याशी रेवती ठाकुर पति शिवचरण ठाकुर ने सरपंच पद के



लिए नामांकन दाखिल किया। उनके साथ नरेन्द्र सिन्हा, उदय राम साहू, नोहर पटेल, मोहन ठाकुर, मुकुंद पटेल, बीरबल ठाकुर, देवनारायण साहू, गिरधर पटेल, विजय ठाकुर, गोपाल पटेल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### सशिमं डौंडीलोहारा में पूर्व छात्र एवं मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आज

**डौंडीलोहारा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में आज पूर्व छात्र एवं मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डोमार सिंह साहू ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोमस राम साहू प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ होंगे। अध्यक्षता राघवेंद्र नाथ मिश्रा दुर्ग विभाग प्रमुख सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर करेंगे।

### डौंडीलोहारा में मां परमेश्वरी महोत्सव आज

**डौंडीलोहारा।** नगर देवांगन समाज डौंडीलोहारा के तत्वाधान में मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन 2 फरवरी को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया है। नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र देवांगन ने समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### प्रवर्तन टीम ने मैत्रीबाग चौक से हटाए कब्जे

**भिलाई।** बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा शनिवार को मैत्रीबाग में फ्लावर शो के मद्देनजर मैत्रीबाग के मुख्य प्रवेश द्वार पर सड़क तथा साइकिल स्टैंड से तीन दर्जन से अधिक अवैध चाट, गुपचुप ठेले, आइस्क्रीम ठेले, दुकानें, झूले आदि हटाए गए। साइकिल स्टैंड संचालक के संरक्षण में संचालित की जा रही 20 से भी अधिक अवैध दुकानों को हटाया गया और साइकिल स्टैंड परिसर में दुकानों का संचालन न करने की हिदायत दी गई। मैत्रीबाग चौक व सड़क किनारे अवैध दुकानदारों, ठेलेवालों तथा टैक्सी वालों को भी चेतावनी दी गई।

**कार्यक्रम :** सशिमं भाठागांव आर में वार्षिक उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह

# देश धर्म से बढ़कर मनुष्य के लिए और कुछ नहीं है : राजेश्वर कतलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सरस्वती शिशु मंदिर भाठागांव आर में वार्षिक उत्सव पर मातृ सम्मेलन प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता संस्थान प्रभारी केशव राम साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार देने का पाठशाला है, जहां वैदिक मंत्रों के साथ मातृभूमि के लिए कर्तव्य की सीख दी जाती है एवं व्यवहार में सदाचरण सिखाती है। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उप निरीक्षक राजेश्वर कतलम ने कहा कि देश धर्म से बढ़कर मनुष्य के लिए और कुछ नहीं है, जिसका बीज बालपन से इस विद्यालय के माध्यम से बच्चों में बो दिया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर तेजराम साहू ने इस विद्यालय को समाज के सभी वर्ग को जोड़ने का प्रयोगशाला बताया, जहां समरसता के साथ विनयशील एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की प्रेरणा दी जाती है।

■ अतिथियों ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित



#### प्रतिभावान विद्यार्थी हुए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों का सम्मान संजना कौशिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिशु मंदिर के संयोजक कुंती साहू, प्रधानाचार्य कौशल जांगड़े, दुष्यंत कुमार साहू, नोहर सेन, संतोष, प्रेमप्रकाश, दिनेश, टेकनारायण मण्डवी, ठाकुरराम निर्मल, चन्द्रकुमारी, भूमिका, गुनीता, सविता, रश्मि, पार्वती, मनीषा बांधे, कृष्ण कुमार साहू, घणाराम देवांगन, मनोहर लाल ठाकुर, हरिश्चंद्र अंगारे, विद्या भारती के प्रान्त सह प्रमुख चिंताराम, जिला समान्यक दीपक हिरवानी, विनोद सिंह कतलम उपस्थित थे।

#### मातृशक्तियों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर मातृशक्ति मितानिन प्रेरक वैजयंती साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुसुमा साहू, श्यामली बंजारे, ऋषि साहू, प्रेमलता देवांगन, बिहान समूह के हेमा साहू, संध्या कतलम, रामेश्वरी नेताम, रेखा यादव, देव श्री साहू, अंबिका साहू, कुंती बंजारे गंगोत्री वर्मा, नीता देवांगन, कांति सोनेसवारी का सम्मान पूर्व छात्र सम्मान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोविंद राम साहू एवं घणाराम साहू द्वारा किया गया। सम्मान पाने वाले स्वप्निल शर्मा ने बताया कि शिशु मंदिर के संस्कार के कारण ही हमें ग्राम समाज को स्वच्छ सुंदर बनाने व गौ माता के प्रति श्रद्धा का भाव, पर्यावरण, वैदिक सनातन धर्म का सम्मान की प्रेरणा मिली है, पूर्व छात्रें का सम्मान किया जाना गुरु शिष्य परंपरा को जीवन जीवंत रखता है, छात्र–छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## सशिमं खर्रा में मना वार्षिक उत्सव, प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में वार्षिक उत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं पालक सम्मेलन का आयोजन पोषक ग्राम सरबदा में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समन्वयक जिला ग्राम भारती बालोद दीपक हिरवानी थे, अध्यक्षता अध्यक्ष ग्राम विकास समिति सरबदा संतराम निषाद ने की। मुख्य वक्ता प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरुर वेदप्रकाश कटेंद्र थे। प्रधानाचार्य फलदेव साहू के मार्गदर्शन में सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के बाद भैया-बहिनों ने लोकगीत, देशभक्ति गीत, भजन, कविता एवं प्रहसन की रंगारंग प्रस्तुति दी।





मुख्य वक्ता वेदप्रकाश कटेंद्र ने विद्यालय में भैया बहनों को शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाए जाने तथा भारतीय संस्कृति परंपरा के अलावा देशभक्ति वातावरण के लिए प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉक्टर किशोर साहू, दुखुराम साहू, गौकरण साहू, सह संयोजक सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा हीरामन सिंह साहू, दूजराम हिरवानी, विष्णु राम पटेल, चंद्रहास पटेल, प्रकाश हिरवानी, भागीराम हिरवानी, सोनेलाल साहू, जयंत राम साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज गोकुल राम साहू, भूषण राम साहू, पूर्व सैनिक गोपेश्वर साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सरबदा गीता देवी मरई, पंच सुनीता देवी साहू एवं खर्रा फागूराम पड़ौटी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुखीत राम कलिहारी वरिष्ठ आचार्य ने किया।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला



**बालोद।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भारत, मारुति नर्सिंग कॉलेज दानीटोला में किया गया। जिला स्तरीय कार्यशाला कलेक्टर के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद के मार्गदर्शन में किया गया। 10 से 28 फरवरी में होने वाली सामुहिक दवा सेवन अभियान एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिला नोडल अधिकारी एनवीबीडीसीपी डॉ. जीआर रावटे, सहायक नोडल अधिकारी आरके सोनबोईर, जिला सलाहकार एनवीबीडीसीपी सूर्यकान्त साहू, पीसीआई दीपक कुमार सिंह एवं संचालक नर्सिंग कालेज नर्सिंग एवं नर्सिंग छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कुष्ठ पीड़ितों से प्रति मानवीय संवेदनापूर्ण व्यवहार आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आईए हम जागरूकता बढ़ाएं, गलत धारणाएं दूर करें और सुनिश्चित करें कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति पीछे नहीं छूटे, की थीम के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में विश्व कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस का आयोजन किया गया। कुष्ठ पीड़ितों की सेवा का संकल्प कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नर्सिंग कॉलेज की छात्र-छात्राओं द्वारा लिया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी, जिला नोडल अधिकारी डॉ जीआर रावटे ने पीड़ितों की सेवा एवं पुनर्वास के संबंध में चर्चा करते हुए उनके प्रति मानवीय संवेदनापूर्ण व्यवहार किये जाने की बात कही। इस अवसर पर डॉ संजीव ग्लैड, डॉ जितेन्द्र सिंह, कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अखिलेश शर्मा, प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी आरके सोनबोईर, सूर्यकांत साहू, मुख्य लिपिक केसी गायकवाड़ उपस्थित थे।

## भाजपा नेताओं ने की बजट की सराहना कांग्रेस ने बताया दिखावटी व खोखला

**दल्लीराजहरा।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को केन्द्र सरकार का बजट पेश किया। बजट को लेकर नगर के राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सौरभ लुणिया, राकेश यादव, अमित चोपड़ा, प्रदीप चोपड़ा, सहित भाजपा नेताओं ने इसे हितकारी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह सभी वर्गों, खासकर गरीबों और किसानों के लिए लाभकारी है। यह बजट मध्यम वर्ग, किसानों और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए कई नई घोषणाएं लेकर आया है। इसका वास्तविक प्रभाव आने वाले महीनों में स्पष्ट होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के ध्येय को लेकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर अमृत काल के इस बजट से सीधे जनता को लाभ मिलेगा।

## खुंदनी स्कूल में पालक ने बेटे के जन्मदिन पर दिया न्योता भोज



**गुरूर।** ग्राम खुंदनी निवासी धन्नू यादव व पार्वती यादव ने अपने बेटे छत्रपाल यादव के जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला खुंदनी के बच्चों को न्योता भोज कराया। इस दौरान शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ कुछ ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से कांति शोनेश्वरी, क्षेत्र क्रमांक 3 से तारिणी चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 4 से लक्ष्मी अशोक साहू, क्षेत्र क्रमांक 10 से तोमन साहू ने जिला पंचायत सदस्य के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर भाजपा के कृष्णकांत पवार व जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव सहित जिला पंचायत प्रत्याशी प्रदीप साहू, दिनेश सिन्हा, ममता गजेंद्र, ममता साहू भी सम्मिलित रहे। कृष्णकांत पवार ने कहा कि यह चुनाव कार्यकर्ताओं को नेता बनाती है, कार्यकर्ता को जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण व विकास कार्य को गति प्रदान करने का अवसर प्रदान करती है।




जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि चुनाव विशुद्ध रूप से कार्यकर्ताओं का चुनाव है।भाजपा के चुने हुए कार्यकर्ता सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए चुनावी रण में उतरे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से करहीभदर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, दानेश्वर मिश्रा, संजय साहू, कृष्णा साहू, देवघर साहू, गणेश साहू, मनोहर लाल सिन्हा, नरेंद्र सिन्हा, भोला साहू, शिव साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश

**बालोद।** शनिवार को वैशाली नगर दुर्ग विधायक रिकेश सेन बालोद में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पालिका मे अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा चौधरी, रमन टुवानी, यज्ञदत्त शर्मा, यशवंत जैन, राकेश यादव, प्रीतम साहू, कृष्ण कांत पवार, पवन साहू, अमित चोपड़ा, कमल बजाज सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिपं सदस्य के लिए भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी कल्पना ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

दुर्ग जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 महिला आरक्षित होने के कारण अब पुरुष नेता नहीं नेताओं की श्रीमती प्रत्याशी बनकर विजय श्री पाने मतदाताओं के दरवाजे पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मिन्नतें करेंगी। वहीं, चुनाव संचालन के लिए श्रीमती के श्रीमान तैयार हो चुके हैं। जिला पंचायत क्रमांक 12 में जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू की धर्मपत्नी सुमन साहू और गत पंचवर्षीय में विरुद्ध में चुनाव लड़ चुके नारद साहू की धर्मपत्नी कल्पना साहू इस चुनाव में आमने-सामने होंगी। कल्पना नारद साहू ने भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी के रूप में जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन फार्म भरा। इस अवसर पर जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल उपाध्यक्ष टेसराम साहू, भाजपा पाटएँ युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू विशेष तौर पर उपस्थित थे।



## मड़ियाकट्टा में प्रधानपाठक पिकेश्वर ने बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकासखण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला द्वारा राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर का जन्मदिन बच्चों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया। कक्षा छठवीं, सातवीं व आठवीं के सभी बच्चों ने श्री पिकेश्वर को कलम, श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को न्योता भोज कराया। इसमें उन्हें चावल, दाल, सब्जी, सेवई, भजिया, केला व चाकलेट खिलाया। अंत में श्री पिकेश्वर ने सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई कर अच्छस परिणाम लाने और अपनी प्रतिभा विकसित करने की दिशा में मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, भूमिका मोवाड़े व बच्चे उपस्थित रहे।





## भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी तारणी ने जिपं सदस्य के लिए भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के लिए नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। जिला पंचायत से लेकर पंच तक के लिए नामांकन के दौरान अभ्यर्थी शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। जिला पंचायत बालोद के क्षेत्र क्रमांक 03 से भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने गुण्डरदेही क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। इससे पहले वे रैली निकालकर कार्यकर्ताओं और जिला एवं गुण्डरदेही क्षेत्र के भाजपा नेताओं के साथ नामांकन भरने पहुंचीं। इस दौरान पूर्व ज़िला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, ज़िला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संजय साहू सहित पार्टी के अनेक नेता उपस्थित थे।





